प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 12.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)
*******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने आज रामगढ़ जिले के रजरप्पा में चुनाव वॉलेंटियर के साथ संवाद किया और चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका की सराहना की। रामगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहरायी और कहा कि देश में इस्तेमाल किये जा रहे ईवीएम पूरी तरह टैम्पर प्रूफ हैं और उनसे किसी प्रकार की छेड़छाड़ संभव नहीं है।

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पता स्थित मां छिनमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना की। वे कल रांची के दशम फॉल प्रांगण में बीएलओ के साथ संवाद करेंगे और उन्हें सम्मानित भी करेंगे।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज देवघर स्थित बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की। राज्यपाल देवघर जाने के क्रम में कुछ देर के लिए गिरिडीह परिसदन में रुके। भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दूबे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। इसके पूर्व डीसी नमन प्रेयस लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल ने राज्यपाल का स्वागत किया।

*******************

भारत सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव रविशंकर ने कल खूंटी का दौरा किया। इस क्रम में उन्होंने कर्रा में गोदाम और स्मार्ट पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। साथ ही लाभुकों से संवाद कर समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया।

*******************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में खेतीबारी और पशुपालन को नया आयाम देने की प्रतिबद्धता दोहरायी है। उन्होंने पशुपालन निदेशालय में अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक की और कृषि विकास को लेकर भविष्य की कार्य योजना पर मंथन किया। श्रीमती तिर्की ने अधिकारियों को पंचायतों और गांवों में कृषि मेला और पशु हेल्थ कैम्प आयोजित करने का निर्देश दिया।

*******************

झारखंड समेत देशभर में पोषण पखवाड़ा चल रहा है, जो बाइस अप्रैल तक चलेगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी कुपोषण के खिलाफ जंग को धारदार बनाने की कवायद में लगातार जुटी हैं। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के क्रादादी जिले में अधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही स्थानीय लोगों से संवाद किया। इस दौरान नाटक के माध्यम से पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया। एक जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि "राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकार देश के सभी आकांक्षी जिलों में विशेष पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

*******************

लातेहार जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत पोषण जागरूकता रथ को रवाना किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

*******************

आज देशभर में हनुमान जयंती धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जा रही है। गुमला के आंजनधाम समेत राज्य के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सवेरे से ही बड़ी संख्या भक्तों की लंबी कतार देखी जा रही है। कई जगहों पर भंडारा का भी आयोजन किया गया है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेताओं ने राज्यवासियों को हनुमान जंयती की बधाई दी है।